बरेली, सोमवार
16 फरवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 12+4=16

# दैनिक जागरण

PAGE NO, 04 MIDDLE LEFT

## गंगाशील गोल्डन ने छह विकेट से जीता मैच

**जागरण संवाददाता, बरेली :** बरेली डाक्टर काउंटी क्रिकेट लीग की रविवार से एसआरएमएस ग्राउंड में शुरुआत हुई। पहले मैच में गंगाशील गोल्डन और मिशन वारियर्स के बीच खेला गया।

गंगाशील गोल्डन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मिशन वारियर्स के कप्तान डा. आरपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने 20 ओवर में 150 रन बनाए। इसमें डा. आरके सिंह ने सबसे अधिक 28 रनों का योगदान किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गंगाशील गोल्डन ने आक्रामक शुरुआत की। कप्तान डा. अतुल गंगवार ने 44 रनों और डा. विष्णु शर्मा ने 34 रन बनाए और टीम ने 17.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से जीत दर्ज की। गेंदबाजी में डा. दीपक चरण, डा. हेमंत सिंह और डा. राकेश कुशवाहा ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहिलखंड कैंसर किलर्स ने 20 ओवर में 206 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। डा. अनिल गंगवार ने 70 और डा. एके माहेश्वरी ने 32 रन जोड़े। एसआरएमएस की टीम 19 ओवर में 173 रन बनाकर आलआउट हो गई। डा. महेश त्रिपाठी ने 28 और डा. सौरभ गोयल ने 30 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में डा. अनिल गंगवार ने चार और डा. पवन ने तीन विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। आगामी दोनों मैच 22 फरवरी को गंगाशील क्रिकेट अकादमी में खेले जाएंगे। मैच के दौरान टीमों के चैयरपर्सन आदित्य मूर्ति, डा. शालिनी माहेश्वरी, डा. अंकुर गर्ग और डा. अर्जुन अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



बरेली डाक्टर काउंटी क्रिकेट लीग के दौरान मौजूद टीमें • सौ. हाव